RAJASTHAN HIGH COURT
सत्यमेव जयते

**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**JODHPUR**

S.B. Civil First Appeal No. 429/2025

Lrs Of Smt. Kamla

----Appellant

Versus

Bharat K. Shah

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Hemant Kumar Jain |
| For Respondent(s) | : | Mr. Rakesh Arora |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE CHANDRA SHEKHAR SHARMA**

**Order**

**29/10/2025**

योग्य अधिवक्ता अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना–पत्र आवक क्रमांक (01/2025) अन्तर्गत धारा 151 सी.पी.सी. प्रस्तुत कर अंतरिम आदेश दिनांकित 24.04.2025 को विस्तारित करने का निवेदन किया गया।

2. योग्य अधिवक्ता अपीलार्थी ने कथन किया कि उन्होंने इस न्यायालय की पूर्व आदेशिका दिनांकित 24.04.2025 की अनुपालना में विद्वान विचारण न्यायालय के समक्ष 8,00,000/– रूपये (अक्षरे आठ लाख रूपये) जमा करवा दिए हैं तथा शेष बकाया राशि जमा करवाने हेतु अतिरिक्त समय चाहा गया।

3. योग्य अधिवक्ता प्रत्यर्थी द्वारा उक्त प्रार्थना–पत्र स्वीकार करने में अनापत्ति जाहिर की।

4. प्रार्थना–पत्र में वर्णित कारणों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त प्रार्थना–पत्र आवक क्रमांक (01/2025) अन्तर्गत धारा 151 सी.पी.सी. स्वीकार कर, इस न्यायालय द्वारा पूर्व में पारित अंतरिम आदेश दिनांकित 24.04.2025 को विस्तारित करते हुए योग्य अधिवक्ता अपीलार्थी को विद्वान विचारण न्यायालय के समक्ष शेष बकाया राशि जमा करवाने हेतु पन्द्रह दिन का अतिरिक्त समय दिया जाता है।

5. प्रकरण दिनांक 14 नवम्बर, 2025 को सूचीबद्ध हो, तब तक अंतरिम आदेश दिनांकित 24.04.2025 को विस्तारित किया जाता है।

**(CHANDRA SHEKHAR SHARMA),J**

67-Vishal/-